11. समय की पहचान

https://www.youtube.com/watch?v=8gMHwbJg2iU

[DD Chandana Samveda Class]

I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

१. कवि के अनुसार मनुष्य को सुख कब नहीं मिलता ?

उत्तर : कवि के अनुसार मनुष्य को सुख समय को नष्ट करने से नहीं मिलता।

२. बहाने बनाने का प्रमुख कारण क्या है ?

उत्तर : बहाने बनाने का प्रमुख कारण आलस है।

३. समय किसका दिया हुआ अनुपम धन है ?

उत्तर :समय भगवान (ईश) का दिया हुआ अनुपम धन है।

४. कवि किस पर विश्वास करने को कहते हैं ?

उत्तर :कवि आत्मा पर विश्वास करने को कहते हैं।

५. समय के खोने से क्या होता है ?

उत्तर :समय के खोने से पीछे सर्वथा पछताना पड़ेगा।

II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

१. मनुष्य के लिए सुख की प्राप्ति कब संभव है ?

उत्तर : मनुष्य के लिए सुख की प्राप्ति तभी संभव है जब कि सुसमय पर जो भी कार्य करना है उसे उसी समय मन लगाकर करना है। समय को नष्ट नहीं करना है।

२. समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ?

उत्तर : समय भगवान का दिया हुआ अनुपम धन है। इसलिए आलस को छोड़कर, बिना किसी बहाने काम करना है। एक क्षण भी नष्ट नहीं करना है। तभी समय का सदुपयोग होगा।

३. कविता के अंतिम चार पंक्तियों में कवि क्या कहना चाहते हैं ?

उत्तर : कविता की अंतिम चार पंक्तियों में कवि यह कहना चाहते हैं कि, जो काम करना है उसीमें चित्त लगाकर करना है। अपने आत्मा पर विश्वास करके संदेह को भगाना है। ऐसा सुसमय को खोने से फिर कभी वापस नहीं आता। यदि समय को खो जाते है तो पीछे पछताना पड़ेगा।

III. निम्नलिखित शब्दों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(सर्वथा, चक्रवर्ती, करो अभी, शुभ)

१. जो करना है, करो अभी,कल हो क्या जाने ?

२. चाहो तुम क्यों नहीं चक्रवर्ती भी होके।

३. यही समय ही अहो तुम्हारा शुभ जीवन है।

४. खोकर पीछे इसे सर्वथा पछताओगे।

IV. अनुरूपता :

१. आलस : परिश्रम :: नष्ट : लाभ

२. जानो : मानो :: लगा दो : भगा दो

३. धन : निर्धन :: दिया : लिया

४. जीवन : मरण :: खोना : पाना

V. जोड़कर लिखिए :

अ	आ	उत्तर
१. उद्योगी	सुख	सुसमय
२. आलस	अनुपम धन	बहाना
३. जीवन	समता	पल-पल
४. समय	बहाना	अनुपम धन
५. द्रव्य	पल-पल	समता

VI. उदाहरण के अनुसार तुकांत शब्दों को पहचानकर लिखिए :

उदा : जाता - पाता

१. बहाने - जाने   २. समता - चिंता   ३. धन - जीवन

४. लगा दो - भगा दो   ५.जानो - मानो   ६. पाओगे - पछताओगे

VII. नीचे दिये गए शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए :

१. चकरवरती - चक्रवर्ती   २. चिता - चिंता   ३. नश्ट - नष्ट

४. अलास - आलस ५. सरवथा - सर्वथा ६. सयम - समय

VIII. उदाहरण के अनुसार शब्द लिखिए :

उदा : समय - सुसमय
१. पुत्र - सुपुत्र २. फल - सुफल ३. मन - सुमन ४. योग्य - सुयोग्य
५. यश - सुयश ६. नाद - सुनाद ७. मति - सुमति

X. अपने अपक की सहायता से इसे पूर्ण कीजिए :

एक पहर = तीन(3) घंटे
एक दिन = चौबीस(24) घंटे
एक सप्ताह = सात(7) दिन
एक पक्ष = पंद्रह(15) दिन
एक मास = तीस(30) दिन
एक साल = तीन सौ पैंसठ(365) दिन

XI. तालिका में महीनों का नाम लिखिए और 30 दिन आनेवाले महीनों में हरा रंग, 31 आनेवाले महीनों में पीला रंग, 28/29 आनेवाले महीने में लाल रंग भरिए :

जनवरी - 31	मई - 31	सितंबर - 30
फरवरी - 28/29	जून - 30	अक्तूबर - 31
मार्च - 31	जुलाई - 31	नवंबर - 30
अप्रैल - 30	अगस्त -31	दिसंबर – 31